सार-समाचार

सर्व धर्म प्रार्थना सभा आयोजित

सीकर (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय राज्य पुरस्कार गाइड व रेंजर अभिशषा शिविर स्काउट गाइड जिला मुख्यालय बडा तालाब सीकर एवं पशुपालन विभाग के मैदान पर आयोजित किया। शिविर में कला, प्राथमिक सहायता, हनुमान लगाना सिगनलिंग, सामुदायिक सेवा समाज सेवा में किए गए कार्यों की जांच की गई। इस अवसर पर गाइड ने पायनियरिंग प्रोजेक्ट और शिविर कला की भी जांच दी जिसके विभिन्न प्रकार के पायनियरिंग प्रोजेक्ट में तैयार किया। कटना जलना जलना, झूलूसना, स्ट्रेचर बनाना, आपदा प्रबंधन सहित अनेक गतिविधियों का भी मूल्यांकन किया गया। जिला सीकर के स्थानीय संघ लक्ष्मणगढ, नीमकाथाना, रींगस, शिवसिंहपुरा,अजीतगढ़, सीकर, थोई, पाटन क्षेत्र के विद्यालयों से गाइड व रेंजर भाग लिया। शिविर में ध्वजारोहण सुमित्रा गुप्ता रेंजर लीडर एवं मुख्य परीक्षक ने रेंजर गतिविधियों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। अभय सिंह शेखावत ने शिविर के अंतिम दिवस पर राष्ट्रपति अवार्ड संबंधी पाठ्यक्रम की जानकारी प्रदान की। गाइड के मुख्य परीक्षक शांति स्वामी, बसन्त कुमार लाटा, अभय सिंह शेखावत लीडर ट्रेनर, संजय कुमार सहगल, पूर्व सीओ स्काउट प्रेम पावडिया, पुष्पा, ओम केसरी ,लखन बावरिया, ओमप्रकाश पारीक, पवन कुमार शर्मा सचिव पलसाना, कंचन सैनी, तिरुपति देवी, निर्मल कुमावत, राजी बेरवा, कमला सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। शिविर का समापन सर्व धर्म प्रार्थना सभा एवं ध्वावतरण के साथ संपन्न हुआ। बाबूलाल गुर्जर अध्यक्ष जिला परिषद स्काउट गाइड सीकर ने शिविर का अवलोकन किया।

'बीएलओ 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक घर-घर जाकर सर्वे कार्य करेंगे'

सीकर (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजस्थान सहित 12 राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से सम्पर्क कर नवाचार फॉर्म वितरित करेंगे। उन्होंने बताया कि आयोग की मंशा है कि कोई भी वैध मतदाता छूटने नहीं पाये तथा ऐसा व्यक्ति जिसका मताधिकार नहीं है। वह मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हो। उन्होंने बताया कि कुछ स्थानों पर यह भ्रांति है कि बहुत सारे कागज़ जमा करवाने होंगे, जबकि ऐसा नहीं है। जिन मतदाताओं का नाम वर्ष 2002 की मतदाता सूची में था, उनके लिए मैपिंग कार्य पूरा कर लिया गया है, इस लिए ऐसे मतदाताओं को किसी भी अतिरिक्त कागज़ की आवश्यकता नहीं है। जिला निर्वाचन अधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि जो मतदाता बाहर रहते हैं, उनकी ओर से उनके रिश्तेदार भी नवाचार प्रपत्र भर कर जमा करवा सकेंगे। बीएलओ के साथ बीएलए भी घर-घर जाएंगे तथा आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराएंगे ताकि अधिकाधिक योग्य मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़ सकें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नाम जोड़ने के लिए बीएलओ फॉर्म नंबर 6 लेकर जायेंगे, जिन व्यक्तियों की मैपिंग नहीं हुई है उन्हें निर्धारित दस्तावेज़ प्रस्तुत करने होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे घर-घर गणना प्रपत्र भरने में बीएलओ का पूरा सहयोग करें।

गोचर भूमि पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ ग्रामीणों का हल्ला बोल

पाटन (निसं)। ग्राम पंचायत दलपतपुरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम मीणा की नांगल के ग्रामीणों ने गोचर व श्मशान भूमि पर हो रहे लगातार अवैध अतिक्रमण, ब्लास्टिंग, ओवरलोड वाहनों की आवाजाही तथा पेडों की कटाई जैसे गंभीर मामलों को लेकर सहायक कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने मांग की कि इन गतिविधियों पर तुरंत रोक लगाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।ग्रामीणों में लालचंद यादव, मुकेश कुमार, प्रमोद, बलवन्त, सुभाष, कुमार, फूलचंद सहित कई लोगों ने हस्ताक्षिरत ज्ञापन में बताया कि खसरा नंबर 808/1, 948, 807, 149, 951/1158, 928, 928/1157 पर स्थित चारागाह भूमि पर लक्ष्मीनारायण व सत्यनारायण पुत्र हरीराम गुर्जर निवासी दलपतपुरा द्वारा अवैध रूप से रास्ता निकालने, श्मशान भूमि में ब्लास्टिंग करवाने, टीन शेड तोड़ने और पहले लगाए गए पेड़ों को उखाड़ने जैसे गैरकानूनी कार्य किए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह सभी कृत्य माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर पीठ द्वारा 16-11-2018 को डी.बी. सिविल रिट याचिका संख्या 25162/2018 में पारित आदेशों की खुलेआम अवहेलना है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपखण्ड अधिकारी नीमकाथाना राजवीर सिंह यादव ने संबंधित विभाग को ज्ञापन की प्रतियां भेजकर 7 दिन में जांच रिपोर्ट व आवश्यक कार्यवाही प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया कि गोचर भूमि को अतिक्रमणमुक्त कर सुरक्षित किया जाए, ताकि गांव के पशुधन, किसानों और आमजन को हो रही परेशानियों से राहत मिल सके तथा चारागाह का विकास सुनिश्चित हो।

5 लाख की आर्थिक सहायता दी

सीकर (निसं)। एन.एच. 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह, भढाढर, सीकर में गत 18 वर्ष से बस चालक के रूप में सेवा दे रहे स्वर्गीय अशोक काला पुत्र भोलू राम निवासी खूडी तहसील लक्ष्मणगढ का गत दिनों हृदयघात से आक्स्मिक निधन हो गया। अशोक मात्र 40 वर्ष की उम्र में तीन छोटे बच्चों को छोड़कर इस दुनिया से चले जाने पर संस्थान का प्रबंधन एवं समस्त कर्मचारीगण इस दुख की घड़ी में चालक के परिवार के साथ खड़े रहे। संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका प्रबंधन सदस्य एवं समस्त स्टाफ के प्रतिनिधि अशोक के घर पहुंच कर 5 लाख रूपये का चैक अशोक की धर्मपत्नि को प्रदान किया। संस्था निदेशक ने अशोक के तीनों बच्चों को शिक्षण संस्थान में आगे की शिक्षा नि:शुल्क प्रदान करने की घोषणा भी की। इस मौके पर खूडी सरपंच विक्रम महला, व्यवसायी संजय शेखावत एवं संस्थान की तरफ से सहनिदेशक गोपाल सिंह, प्रधानाचार्य विजेन्द्र सिंह, प्राचार्य ललित किशोर तंवर एवं समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे एवं दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजली अर्पित की।

अर्णव पारीक का पायलट बनने पर स्वागत

सीकर (निसं)। हर्ष निवासी बाबूलाल पारीक के सुपौत्र एवं सुभाष पारीक के सुपुत्र अर्णव पारीक ने अमेरिका से कमर्शियल पायलट का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर अपने पैतृक गांव हर्ष पहुँचे जिसके बाद गांव के समस्त ग्रामवासियो एवं परिवारजनों द्वारा ग्राम के मुख्य बस स्टैण्ड से घर तक उनका शानदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर वैद्य अमरचंद जी इंदौरिया, सरपंच प्रतिनिधि छीतर मल जी, अर्जुन गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य निधि गुर्जर, देवी लाल लालोटिया, महर्षि पराशर पारीक समिति चौमू के अध्यक्ष रामवतार जी पारीक, पूर्व प्रधान भैंरू सिंह बुरडक, पूर्व सरपंच रामकुमार, समस्त पारीक परिवार एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। अर्णव के दादा बाबूलाल जी पारीक ने बताया कि ये हमारे ग्राम और परिवार के लिए बड़े गौरव की बात है क्योंकि अर्णव संभवत: सीकर जिले का पहला पायलट है जिसने अमेरिका से अपनी ट्रेनिंग सफलता पूर्वक पूर्ण की है। अर्णव की इस शानदार उपलब्धि पर पूरे परिवार एवं ग्राम में खुशी की लहर है।

शिखर निर्माण का कार्य शुरू

सीकर (निसं)। चन्दपुरा रोड स्थित विनायक वाटिका आवासीय कॉलोनी में स्थित बालाजी मन्दिर के उपर शिखर निर्माण की शुरूआत समस्त कॉलोनीवासियों के सहयोग से रविवार को शुभ मुहूर्त के साथ हुई। यह शिखर करीब 21 फिट का होगा। इस अवसर पर विनायक वाटिका विकास समिति के सचिव मुकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष सुखदेव ढ्ढाका, सह-सचिव दलीप सिंह, पूर्व तहसीलदार रामपाल सिंह, राकेश, महावीर, मीडिया प्रभारी मुकेश सोनी, अनिल बाजिया सहित कॉलोनी के अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

रात्रि चौपाल कार्यक्रमों का निर्धारण

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर नवम्बर माह में होनी वाली रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रमों का निर्धारण कर दिया है। उन्होंने बताया कि 12 नवम्बर को नीमकाथाना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सिरोही, 19 नवम्बर को धोद पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सामी, 26 नवम्बर को फतेहपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बीबीपुर छोटा में रात्रि चौपाल व जनसुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

बाल दिवस मनाया

सीकर (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर, सांवली मार्ग, सीकर में आज बाल दिवस बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राधा किशन चोबदार रहे, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की।

जिला कलेक्टर ने दो दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

सीकर (निसं)। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष में जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ शुक्रवार को सूचना केंद्र में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने किया।

उद्घाटन कार्यक्रम में वक्ताओं ने बिरसा मुंडा के अद्वितीय योगदान, उनके संघर्षपूर्ण जीवन तथा जनजातीय समाज को संगठित करने में उनकी अहम भूमिका का स्मरण किया। प्रदर्शनी में जनजातीय कला, संस्कृति, पारंपरिक हस्तशिल्प, आजीविका, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विभागीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिन्हें जनसमूह द्वारा उत्साहपूर्वक देखा गया।

जिला कलेक्टर शर्मा ने बताया कि बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर पर पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जन्म जयंती मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर आदिवासी कल्याण के लिए लागू की गई विभिन्न योजनाओं को इस प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर राजस्थान में जनजातीय समुदायों के विकास के लिए और अधिक प्रयास किए जाएंगे।

बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष में जनजातीय गौरव वर्ष के तहत आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रदर्शनी का जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, सहायक निदेशक जनसम्पर्क पूरणमल, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा, मुख्य आयोजना अधिकारी अंजली सैनी, अधीक्षण अभियन्ता रमेश कुमार मीणा, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी राकेश कुमार ढाका, जिला साक्षरता अधिकारी चन्द्रप्रकाश महर्षि, राकेश लाटा सहित जिला स्तरीय अधिकारी, कार्मिक उपस्थित रहे।

जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पाटन (निसं)। राज्य सरकार द्वारा संचालित सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शुक्रवार को पाटन कस्बे स्थित प्रगति बाल मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और महिला सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को आवश्यक जानकारियां दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थानाधिकारी रमेश चंद ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना और उन्हें आवश्यक कानूनी जानकारी उपलब्ध कराना है। थानाधिकारी रमेश चंद, हैड कांस्टेबल मोहनलाल व प्रमोद कुमार ने छात्रों को विभिन्न सुरक्षा पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

बच्चे देश की धरोहर, देश का भविष्य : ए.एस.पी.

पाटन (निसं)। दिल्ली बाईपास स्थित गुढ़ा एजुकेशन हब द्वारा संचालित गुढ़ा पब्लिक स्कूल, नीमकाथाना में बाल दिवस के अवसर पर भव्य बाल मेला आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एएसपी गिरधारी लाल शर्मा ने मां सरस्वती की आराधना कर दीप प्रज्वलन एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया।बाल मेले में विद्यार्थियों ने खाद्य स्टाल, विज्ञान मॉडल, गेम कॉर्नर, हस्तशिल्प व सजावटी वस्तुएँ,आर्ट गैलरी लगाकर अपनी कला, कल्पनाशक्ति और नवाचार का शानदार प्रदर्शन किया। अभिभावकों और आगंतुकों ने बच्चों द्वारा बनाई वस्तुओं की जमकर खरीददारी की और उनकी रचनात्मकता को सराहा।फूड स्टॉल से लेकर आर्ट-क्राफ्ट तक, बच्चों द्वारा तैयार हर स्टॉल दिनभर आकर्षण का केंद्र बना रहा। फन गेम्स और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को और भी रंगीन बना दिया।जादूगर सम्राट अमर ने अपने हैरतअंगेज जादुई करतब दिखाकर बच्चों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

बच्चे देश की सच्ची पूँजी हैं। बाल मेले जैसे आयोजन बच्चों को अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास प्रदर्शित करने का शानदार अवसर देते हैं। गुढ़ा पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सराहनीय कार्य कर रहा है। गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन सम्पत बेनीवाल ने कहा कि बाल मेला बच्चों की कल्पना शक्ति, कौशल और आत्मविश्वास को नई उड़ान देता है। हमारा प्रयास है कि हर बच्चे को समान अवसर और प्रोत्साहन मिले। विद्यालय निदेशक के. सत्येंद्र ने कहा-ऐसे आयोजन छात्रों में जीवन कौशल, संवाद क्षमता और सामाजिक जुड़ाव विकसित करते हैं। विद्यालय प्रबंधन सदैव बच्चों को नवाचार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ. पी.के. भाटी ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और अतिथियों का हार्दिक आभार जताया।

'महिलाएं अपने हुनर को अपनी पहचान बनायें'

- राजीविका ब्रांड एंबेसडर ने जिले की महिलाओं से सीधा संवाद किया

सीकर (निसं)। महिला सशक्तिकरण की प्रखर प्रतीक और राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) की ब्रांड एंबेसडर डॉ. रूमा देवी ने शुक्रवार को सीकर में आयोजित महिला सशक्तिकरण जिला स्तरीय संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

इस अवसर पर उन्होंने जिले की सैकड़ों महिलाओं को अपने हुनर को एक सशक्त पहचान बनाने का आव्हान किया। डॉ. रूमा देवी ने कहा कि सीकर की महिलाएं अब केवल घर की दहलीज तक सीमित न रहें, बल्कि अपने कौशल को बड़े व्यापार का रूप देकर देश और दुनिया में अपनी एक अलग जगह बनाएं। राजीविका एवं रूमा देवी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस महत्वपूर्ण संवाद में जिले भर से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

गृहणी से उद्यमी बनीं सीकर की महिलाएं:- रूमा देवी फाउंडेशन की प्रवक्ता कविता कुमारी ने बताया कि संवाद में, कई महिलाएँ सामने आईं जिन्होंने राजीविका से जुड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिखी।

अपनी लगन और मेहनत के दम पर किशन कंवर अब सफलतापूर्वक अन्नपूर्णा रसोई का संचालन कर रही हैं, जो उनकी आर्थिक स्वावलंबन का प्रतीक है। कमलेश कुमारी: कमलेश कुमारी ने नवाचार दिखाते हुए घर पर ही स्वयं का उद्योग स्थापित किया और साबुन, अगरबत्ती जैसे उत्पाद बनाकर उन्हें सफलतापूर्वक बाज़ार में बेच रहीं हैं।

कविता कुमारी ने बताया कि ऐसे कई उदाहरण हैं जो दर्शाते हैं कि राजीविका से जुड़ने के बाद महिलाओं के जीवन में एक बड़ा सकारात्मक बदलाव आया है। संवाद में सैकडों स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और डॉ. रूमा देवी के सामने अपनी समस्याओं और जिज्ञासाओं को खुलकर रखा, जिस पर उन्होंने मार्गदर्शन प्रदान किया।

डॉ. रूमा देवी ने इन महिला उद्यिमयों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये महिलाएँ न केवल समाज में अपनी एक मजबूत पहचान बना रही हैं, बल्कि अपने आस-पास की महिलाओं के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित कर रही हैं। उन्होंने उपस्थित हर महिला को केवल उपभोगता (ग्राहक) बनने के बजाय समाज में सकारात्मक बदलाव की सूत्रधार बनने का संकल्प दिलाया।

प्रदर्शनी ने दर्शाया महिला कौशल का दम:- कार्यक्रम के दौरान महिला समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी लगाकर उनका अवलोकन किया गया। जिसमे राज सखी के अंतर्गत निर्मित उच्च गुणवत्ता वाले खाद्य उत्पादों, हस्तनिर्मित वस्त्रों व घर पर उपयोग में आने वाली भिन्न भिन्न वस्तुएं शामिल थी, जिन्होंने सभी अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार स्वामी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद राजपाल यादव, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र विकास सिहाग, सहायक निदेशक लोक सेवा इंदिरा शर्मा, सहायक निदेशक पर्यटन विभाग अनु शर्मा, मुख्य आयोजना अधिकारी अंजलि सैनी, सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग राजेंद्र चौधरी, जिला अध्यक्ष मनोज बाटड, जिला उपाध्यक्ष भाजपा नेमीचंद कुमावत, जिला परिषद सदस्य इंदिरा चौधरी, कर्मा बाई महिला संस्थान और राजीविका डीपीएम अर्चना मौर्य सहित अन्य कई महत्वपूर्ण पदाधिकारियों ने महिला समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और महिला उद्यिमयों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार स्वामी ने उत्पादों की सराहना करते हुए महिलाओं को सशक्ति एवं आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया।

इस संवाद ने स्पष्ट कर दिया कि सीकर की महिलाएँ अब आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन की एक मज़बूत शक्ति बन चुकी हैं, जो अपनी मेहनत और हुनर से एक नया भविष्य गढ़ रही हैं।

सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने सीएचसी बड़ाऊ का निरीक्षण किया

- स्टाफ को ड्रेस में निर्धारित समय में ड्यूटी करने के निर्देश दिए

झुंझुनूं, (निसं)। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने जिले में मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए किए जा रहे प्रयासों, दवाओं की उपलब्धता, जांचों की स्थिति जानने और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति जानने के लिए गुरुवार को चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण किया।

सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने आईएलआई, सर्दी, जुकाम सहित मौसमी बीमारियों में मरीजों के लिए दवाई और जांचों की उपलब्धता जांचने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बडाऊ का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने नि:शुल्क दवा योजना में दवाओं की उपलब्धता व जांच योजना के की जा रही जांचों की स्थिति जांची। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने मरीजों से बात कर जांच और दवाओं का फीडबैक लिया और मरीजों को फ्री दवा योजना में निर्धारित सभी दवाएं उपलब्ध रखने के निर्देश दिए।

सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति जानने के लिए चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण किया।

सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने सभी स्टाफ को ड्रेस में रहने और समय पर ड्यूटी पहुंचने के लिए भी पाबंद किया। उन्होंने मा योजना में बुक किए जा रहे क्लेम की जानकारी लेकर इसे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने एनसीडी कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम, आरसीएच कार्यक्रम, टीबी कंट्रोल कार्यक्रम आदि की प्रगति की समीक्षा कर सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने सीएचसी के लेबर रूम, भर्ती वार्ड, ओपीडी कक्ष, दवा स्टोर रूम आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थागत प्रसव बढाने, एनसीडी कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोगों की स्क्रीनिंग करने के निर्देश संस्थान प्रभारी को दिए इस अवसर पर खेतडी बीसीएमओ डॉ. हरीश यादव भी मौजूद रहे।

सार-समाचार

'प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 2.0 में लाभ लेने के लिए आवेदन करें'

सीकर (निसं)। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्यालय मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 2.0 प्रारम्भ की गई हैं। यह योजना शहरी क्षेत्र में कार्यरत रेहडी पटरी ठेला एवं फेरी लगाने वाले स्ट्रीट वेण्डर्स को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कम व्याज दर पर बिना गारंटी के ऋण प्रदान करती हैं। योजना के अतंर्गत वेण्डर्स 90.000 प्रथम ऋण 15000 द्वितीय ऋण 25000 तृतीय ऋण 50000 तक के ऋण के लिये आवेदन कर सकते हैं तथा समय से ऋण चुकाने वाले लाभार्थियो को सब्सिडी प्रदान की जाएगी। डिजिटल भुगतान को बढावा देने के लिए वेण्डर्स को क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएगें। डिजिटल लेन देन करने वाले लाभार्थियों को कैशलेस प्रोत्साहन भी प्राप्त होगा। नगर परिषद आयुक्त शशिकान्त शर्मा ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना में आवेदन कार्यालय नगर परिषद् सीकर या कॉमन सर्विस सेन्टर पर जाकर भी कर सकते हैं। पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों और उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए केन्द्र सरकार की 9 कल्याणकारी योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा जैसे प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री अमयोगी मानधन योजना, भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक पंजीकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, एक राष्ट्र एक राशन कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना। सभी पात्र वेण्डर्स से अपील है कि वे शीघ्र आवेदन कर लाभ उठाएं।

डिफेंस स्कूल में बाल दिवस मनाया

झुंझुनूं, (निसं)। न्यू कॉलोनी में स्थित डिफेंस पब्लिक सी सै स्कूल में देश के पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने नेहरू जी के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर एवं माल्यार्पण कर की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने नेहरू जी के जीवन परिचय एवं उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। संस्था चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने पं. नेहरू के राष्ट्र निर्माण में योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान संस्था के शिक्षक सुभाषचंद्र ने बताया कि पं. नेहरू को बच्चों से बहुत प्रेम था। इसलिए उनका जन्म दिवस बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के अंत में संस्था की अध्यापिका ममता रानी ने पं. नेहरू की राष्ट्र निर्माण की उपलब्धियों पर उनके संघर्षशील जीवन पर प्रकाश डाला तथा बच्चों से पं. नेहरू के पदचिह्नों पर चलने की अपील की। उन्होंने बताया कि समय-समय पर विद्यालय में महान विभूतियों के जयंती समारोह का आयोजन किया जाता है। ताकि विद्यार्थी उनके आदर्शों को ग्रहण कर एक सच्चे नागरिक बन सके तथा अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सके। इस अवसर पर विकास नीतड़, शीशराम जाखल, सुरेंद्रसिंह शेखावत, अनिल, बाबूलाल सैनी, मुकेश सैनी, कैलाश, बबिता, अनामिका, प्रमिला, सारिका, ममता, मुकेश, ममता रानी, संतोष, देवीदत्त, दलीपसिंह, ओमप्रकाश सैनी आदि उपस्थित थे।

स्टीकर का विमोचन किया

सीकर (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय समर्थपुरा में शुक्रवार को भारत स्काउट गाइड स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की ओर से स्टीकर का विमोचन भी किया गया तथा सहायता राशि संगठित की गई। विद्यालय की प्राचार्य इन्दिरा चौधरी ने बताया कि भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा 23 से 29 नवम्बर तक लखनऊ में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी में भाग लेने के लिए विद्यालय से आठ गाइड एवं एक गाइड कैप्टन प्रथम बार राष्ट्रीय स्तरीय जंबूरी में भाग लेंगे तथा स्थानीय संघ सीकर का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्थानीय संघ सचिव देवीलाल जाट ने बताया कि रा.उ.मा.वि. समर्थपुरा पिपराली रोड सीकर की गाइड जंबूरी की तैयारी गाइडर पुष्पा भाकर के नेतृत्व एवं निर्देशन में मार्चपास्ट, सिग्नेलिंग, हैंडीक्राफ्ट, नृत्य, वेस्ट से बेस्ट आइटम बनाना, शिविर कला, प्रदर्शनी, स्किलोरामा आदि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से की जा रही है। विद्यालय से जंबूरी में गाइड कैप्टन पुष्पा भाकर के नेतृत्व में गाइड गजल , मोनिका, नेहा, अलका शर्मा, सनी, पूजा, मोनू मुस्कान भाग लेंगी।

युवाओं ने उत्साह से रक्तदान किया

सीकर, (निसं)। राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार शुक्रवार को श्री कल्याण राजकीय चिकित्सालय एवं केजीएन हॉस्पिटल सीकर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने बढ़ चढ़कर उत्साह के साथ भाग लिया। ब्लड सेंटर प्रभारी डॉ कैलाश जाट ने बताया कि शिविर में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, एडीएम सिटी भावना शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया, श्री कल्याण चिकित्सालय अधीक्षक डॉ केके अग्रवाल, डॉ एम सागर, डॉ एसएल आलडिया, डॉ ललित मौर्य, डॉ सीमा शर्मा, डॉ मधुश्री, नर्सिंग अधीक्षक रघुराज सिंह एवं शिवदयाल बाजिया, सीनियर टेक्निकल सुपरवाइजर सत्येंद्र कुड़ी सहित अन्य चिकित्सालय स्टॉफ उपस्थित होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

225 लोगों ने शिविर का लाभ उठाया

झुंझुनूं, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा हर शुक्रवार को आयोजित होने वाला नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझुनूं में संपन्न हुआ। शिविर में 225 रोगियों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, डॉ. एसएन शुक्ला, श्यामसुंदर जालान, नागरमल जांगिड, महेश कुमार मूंड, देवेंद्र कुमार गौड, प्रदीप कुमार शुक्ला, डॉ. मूलसिंह, सहायक प्रमोद कुमार, डॉक्टर्स टीम व काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

विद्यालय में स्वेटर वितरित किये

सीकर, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांवलोदा लाडखानी में अजितपुरा निवासी भामाशाह चावली देवी की पौत्रवधु वरिष्ठ अध्यापक पूनम विजेश पिलानिया ने अपनी पुत्री धृति पिलानिया के जन्म दिवस के उपलक्ष में छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित कर विद्यालय में उत्कृष्ट सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर पीईईओ अनिता देया, राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त भंवरसिंह, बेगाराम थालोड, पूर्व प्रधानाचार्य बिजेश पिलानिया, प्रधानाचार्य देवराम तथा इन्द्राजसिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया तथा अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान भामाशाह चावली देवी एवं पीईईओ अनिता देया को शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया।

खाद्य पदार्थों के सैम्पल लिए

सीकर (निसं)। चिकित्सा विभाग की ओर से शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त डॉ टी शुभमंगला तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी फूल सिंह बाजिया, महमूद अली, नंदराम मीणा ने पलसाना क्षेत्र के श्री श्याम मावा भंण्डार के यहां से दूध व मावा, श्री बालाजी दूध डेयरी के यहां से घी, आचार, सीताराम रेस्टोरेंट गौरिया के यहां से मावा पेड़ा, मावा, बेसन बूंदी लड्डू के सैम्पल लिए।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर / टीआरडी, उ. प. रेलवे बीकान